जैसी प्रमुख स्कीमों का संचालन शामिल है। महाराष्ट्र में कृष्णा नदी के अत्याधिक प्रदूषित भाग की सफाई को राष्ट्रीय नदी कार्य योजना में करने का प्रस्ताव है।

Chilka lake

590. SHRIMATI KAMLA SINHA: Will the Minister of ENVIRONMENT AND FORESTS be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the Government of Orissa is planning to start prawn cultivation in the Chilka lake in collaboration with industrial houses which is likely to destroy its fragile eco-system; and

(b) if so, what action Government propose to take in the matter?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF ENVIRONMENT AND FORESTS (SHRI KAMAL NATH): (a) The Orissa Government and the Chilka Aquatic Farms Limited have taken up an integrated Prawn Culture Project in Chilka Lake.

(b) The State Government has been advised that the project work, including the construction activities, should not be permitted till a proper environmental impact assessment study is carried out.

गंगा सफाई योजना

591. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय:** क्या **पर्यावरण और वन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उत्तर प्रदेश में इलाहाबाद/वाराणसी में "गंगा सफाई योजना" का कार्य इस समय किस चरण में है; इस संबंध में पूरा ब्यौरा क्या है; और

(ख) इस योजना के कब तक पूरा लागू हो जाने की संभावना है?

पर्यावरण एवं वन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री कमल नाथ): (क) और (ख) गंगा कार्य योजना के पहले चरण के अन्तर्गत इलाहाबाद और वाराणसी में चल रही तथा पूरी की जा चुकी स्कीमों की सूची क्रमश: विवरण–I तथा विवरण–II में दी गई है **(नीचे देखिए)** गंगा कार्य योजना के पहले चरण के अन्तर्गत इलाहाबाद और वाराणसी में सीवेज उपचार संयंत्र, नैनी, इलाहाबाद के अतिरिक्त सभी कार्यों को 31–12–93 तक पूरा कर लिए जाने का लक्ष्य रखा गया है।

विवरण–I

गंगा कार्य योजना के अन्तर्गत इलाहाबाद और वाराणसी में चल रही स्कीमों की सूची

क्रम सं०	स्कीमों का नाम
इलाहाबाद	
1.	दारागंज में रिलीविंग सीवर
2.	नैनी, सीवेज उपचार संयंत्र
3.	शंकरघाट, विद्युत शवदाहगृह
4.	सरस्वती घाट का समग्र विकास
वाराणसी	
1.	अर्दली बाजार, सीवर की पुनर्स्थापना
2.	दीनापुर सीवेज उपचार संयंत्र, दीनापुर

विवरण–II

गंगा कार्य योजना के अन्तर्गत इलाहाबाद और वाराणसी में पूरी की जा चुकी स्कीमों की सूची

क्रम सं०	स्कीमों का नाम
इलाहाबाद	
1.	गऊघाट पंपिंग स्टेशन का नवीकरण
2.	कीडगंज में सीवर बिछाया जाना